हुनर से रोजगार में छात्राओं ने सीखा होम डेकोर और टेली प्राइम का कौशल



जबलपुर: मानकुंवर बाई कॉलेज में छात्राओं को उच्च शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 2 सितंबर से शुरू हुए इस विशेष प्रशिक्षण के तहत छात्राओं को हस्तशिल्प होम डेकोर आइटम्स एवं टेली प्राइम 7.1 का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुआ। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कविता चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण में प्रशिक्षण की रूपरेखा, उसके उद्देश्यों और अब तक पूरी की गई गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुनीता मिश्रा ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को बधाई दी। समापन समारोह में लगभग 60 उत्साही छात्राएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सुमित अग्रवाल, रुबीना खान; रूप खान, अनुश्री मिश्रा, तूलिका गौतम; डॉ. अरुणा, डॉ. विजया, डॉ. सपना चावला और डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner